जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भागलपुर

(अनुमंडल नवगछिया / अनुमंडल कहलगाँव)

पारा विधिक स्वयं सेवकों (PLV) के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

(यह स्वैछिक सेवा का कार्य है)

कौन आवेदन दे सकता है :-

ऐसे व्यक्ति (महिला /पुरुष) जो बिना किसी आर्थिक लाभ के कमजोर एवं वंचित वर्गो के उत्थान में रूचि रखते है तथा उनके लिए कार्य करना चाहते है इनमे शिक्षक (सेवा निवृत शिक्षक सहित),सेवा निवृत सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, आगनबाड़ी कार्यकर्ता, डॉक्टर, छात्र, गैर सरकारी संगठन एवं क्लब के सदस्य, स्वयं सेवा समूह, मैत्री समूह, जीविका आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति (अधिवक्ता को छोड़कर) जो स्वयं सेवा में रूचि रखते हो तथा जिन्हें विधिक सेवा प्राधिकार ठीक समझे ।

पारा विधिक स्वयं सेवक के कार्य :-

पारा विधिक स्वयं सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता, विधिक सहायता के लिए पीड़ितो एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य, प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा कार्य या अन्य कोई कार्य जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें सौंपे ।

पदों की संख्या :-

जिला मुख्यालय हेतु 100, अनुमंडल विधिक सेवा समिति, नवगछिया के लिए 50 एवं अनुमंडल विधिक सेवा समिति, कहलगांव के लिए 50 । चूँकि पारा विधिक स्वयं सेवकों से गाँवो या गाँवो के समूह में कार्य करना है । अत: जिले के सभी क्षेत्रो (पंचायत वार / प्रखंड वार) से पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन क्षेत्रीय आधार पर किया जायेगा ।

आरक्षण :- चूँकि पारा विधिक स्वयं सेवक को स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना है तथा यह कोई सरकारी पद पर भर्ती नहीं है । अत: पदों का आरक्षण नहीं है । परन्तु स्कीम के अनुरूप सभी वर्गो को तथा महिलाओ को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जायेगा ।

शैक्षणिक योग्यता: - मैट्रिक पास

आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह भरकर तथा अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओ के प्रमाण पत्र की छाया प्रति लगाकर अधोहस्ताक्षरी के पास पंजीकृत डाक से भेजे । आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत डाक. टिकट लगा अपना स्व पता लिखा लिफाफा भेजें ।आवेदक चाहे तो अपना आवेदन DLSA / सम्बंधित SLSC के कार्यालय में हाथों-हाथ कार्यालय अवधि तक में जमा कर सकते हैं ।

₹ 750=00 (सात सौ पचास रुपये मात्र) प्रतिदिन । परन्तु यह मानदेय केवल उन विशेष दिनों के लिए देय होगा जिस दिन विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें विशेष कार्य हेतु सौंपती है या स्वयं सेवक गांव से किसी व्यक्ति को विधिक सेवा हेतु विधिक सेवा प्राधिकार या ए0डी0आर0 केन्द्र में ले आता है या अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविरों के आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाता है ।

सामान्य अनुदेश :-

1)आवेदक भारत का नागरिक हो, 2)स्वस्थ हो, 3)अच्छा चरित्र हो, 4)समाज सेवा में रूचि रखता हो ।

भागलपुर हेतु आवेदन भेजने का पता - सेवा में , सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भागलपुर	**नवगछिया हेतु आवेदन भेजने का पता -** **सेवा में ,** सचिव अनुमंडल विधिक सेवा समिति, नवगछिया
कहलगांव हेतु आवेदन भेजने का पता - सेवा में , सचिव अनुमंडल विधिक सेवा समिति, कहलगांव	

विशेष अनुदेश: -

(1) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि विज्ञापन की तिथि से 15 दिनों के अंदर कार्यालय अवधि (अपराहन 05:00 बजे) तक ।

(2) विज्ञापन का प्रारूप व्यवहार न्यायालय, भागलपुर के वेबसाइट https://districts.ecourts.gov.in/bhagalpur पर देखा जा सकता है ।

(3) एक आवेदक भागलपुर/नवगछिया/कहलगांव जिस जगह पर उनका वर्तमान अथवा स्थायी पता है, में किसी एक ही स्थान के लिए आवेदन जमा करें । एक से अधिक स्थान के लिए आवेदन करने पर उनका आवेदन रद्द कर दिया जा सकता है ।

(4) सभी आवेदकों का साक्षात्कार ADR भवन, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भागलपुर में सम्बंधित चयन समिति द्वारा लिया जायेगा

(5) जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भागलपुर से सम्बंधित आवेदकों का साक्षात्कार दिनांक 17.03.2026, अनुमंडल विधिक सेवा समिति, नवगछिया से सम्बंधित आवेदकों का साक्षात्कार 18.03.2026 एवं अनुमंडल विधिक सेवा समिति, कहलगांव से सम्बंधित आवेदकों का साक्षात्कार दिनांक 19.03.2026 निर्धारित है | सभी आवेदकों को साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि को समय 12:30 अपराहन कार्यालय ए०डी०आर० भवन, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भागलपुर में उपस्थित रहेंगे |

R

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भागलपुर

(अनुमंडल नवगछिया / कहलगांव)

प्रपत्र 'क'

पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

(आवेदक द्वारा भरा जायेगा)

1. आवेदक का नाम :-
2. पिता /पति का नाम :-
3. स्थायी पता :-
4. वर्तमान पता :-
5. दूरभाष / मोबाइल संख्या : -
6. शैक्षणिक योग्यता:-
7. अन्य योग्यता :-
8. जन्म तिथि :-
9. आवेदक की श्रेणी (सामान्य / अनुसूचित जाति/अनुसूचित/जनजाति / पिछड़ा /अति पिछड़ा वर्ग)

पासपोर्ट साइज़ का छायाचित्र स्वअभिप्रमाणित

तिथि:-

स्थान:-

आवेदक का हस्ताक्षर

केवल कार्यालय उपयोग के लिए

क्रमांक............................

साक्षात्कार की तिथि समय स्थान

20/06/26

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
भागलपुर